देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 95 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 10 जुलाई 2020

विचार-प्रवाह...बढ़ता रहा आयात





मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 23.0°

36737.69

2 भारत के आगे झुका पाकिस्तान

7 धवन को बेटे जोरावर ने दिया फ्रेश लुक

## संक्षिप्त समाचार

### बीजेपी नेता समेत 3 की हत्या, 8 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा में आतंकी हमले में मारे गए बीजेपी नेता वसीम अहमद बारी के हत्यारों की तलाश शुरू हो गई है। वसीम की तमाम सुरक्षा के बावजूद हुई हत्या की इस वारदात ने कश्मीर में सुरक्षा इंतजामों पर बड़े सवाल उठाए हैं। इसके अलावा बांदीपोरा पुलिस ने वसीम की सुरक्षा में तैनात 8 जवानों को सस्पेंड कर दिया है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त वसीम पर हमला हुआ, उस वक्त उनके साथ उनका कोई भी सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं था।

### हंसाने वाले जगदीप अब हमारे बीच में नहीं रहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। बॉलिवुड में सूरमा भोपाली के नाम से लोगों को हंसाने वाले जगदीप अब हमारे बीच में नहीं रहे हैं। उनके जाने से इंडस्ट्री में शोक का माहौल है और सिलेब्स उनके निधन पर शोक व्यक्त कर रहे हैं। वेटरन ऐक्टर धर्मेंद्र ने जगदीप के निधन पर शोक व्यक्त किया है। धर्मेंद्र ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, तुम भी चले गए... सदमे का बाद सदमा... जन्नत नसीब हो तुम्हें। साल 1975 में आई धर्मेंद्र की ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाया जो कि काफी मशहूर हुआ।

### 15 जुलाई तक मान्यता आवेदन प्रपत्र जमा करायें पत्रकार

**संवाददाता** देहरादून। जनपद देहरादून के जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त पत्रकार जिनके द्वारा अभी तक वर्ष 2020 हेतु अपनी मान्यता का नवीनीकरण नही कराया गया है ऐसे सभी प्रेस प्रतिनिधि से अनुरोध है कि वे आगामी 15 जुलाई 2020 तक मान्यता आवेदन प्रपत्र जिला सूचना कार्यालय देहरादून में जमा करायें। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित प्रतिनिधि की होगी।

# टैलेंट का पावर हाउस है भारत

## इंडिया ग्लोबल वीक में पीएम बोले,कोरोना वैक्सीन विकसित करने में भारत की होगी अहम भूमिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन में आयोजित इंडिया ग्लोबल वीक 2020 में उद्घाटन भाषण देते हुए कहा कि कोरोना वायरस वैक्सीन विकसित करने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पीएम मोदी ने इसे लेकर कहा, मुझे उम्मीद है कि कोरोना वैक्सीन मिलने के बाद इसके उत्पादन और विकास में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि भारत में बने टीके दुनियाभर के बच्चों के लिए वैक्सीन की दो–तिहाई जरूरत को पूरा करते हैं।

कोरोना काल में यह पहली बार पीएम मोदी ने वैश्विक समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी कंपनियां कोरोना वैक्सीन के विकास और उत्पादन के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में सक्रिय हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि महामारी ने एक बार फिर दिखाया है कि भारत का फार्मा उद्योग न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए एक संपत्ति है। इसने दवाओं की लागत को खासकर विकासशील देशों के लिए कम करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।

इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय स्वाभाविक सुधारक हैं। इतिहास बताता है कि भारत ने हर चुनौती को पार किया है चाहे वह सामाजिक हो या आर्थिक।

**वैश्विक पुनरुत्थान की कहानी में भारत की अग्रणी भूमिका होगी:** पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि इस समय में, पुनरुत्थान के बारे में बात करना स्वाभाविक है। वैश्विक पुनरुद्धार से भारत को जोड़ना भी उतना ही स्वाभाविक है। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा, दुनिया भर में, आपने भारत की प्रतिभा के योगदान को देखा है।

भारतीय टेक उद्योग और तकनीकी पेशेवरों को कौन भूल सकता है। वे दशकों से रास्ता दिखा रहे हैं। भारत प्रतिभा का एक शक्ति–घर है, जो योगदान देने के लिए उत्सुक है।



### भारत वैश्विक महामारी के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रहा

पीएम मोदी ने इस दौरान यह भी कहा कि भारत वैश्विक महामारी के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रहा है। लोगों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, हम अर्थव्यवस्था समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत दुनिया की सबसे खुली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हम भारत में आने और अपनी उपस्थिति स्थापित करने के लिए सभी वैश्विक कंपनियों के लिए रेड कार्पेट बिछाए हुए है। बहुत कम देश ऐसा अवसर प्रदान करेंगे, जैसा आज भारत कर रहा है।

### हमारी अर्थव्यवस्था में सुधार दिखने लगा है

पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत पुनरुद्धार की बात करता है तो उसके लिए देखभाल के साथ पुनरुद्धार, करुणा के साथ पुनरुद्धार और पर्यावरण और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए टिकाऊ पुनरुद्धार मायने रखता है। यही कारण है कि हमारी अर्थव्यवस्था में सुधार दिखने लगा है।

**सम्मलेन को 75 सत्रों में 250 वैश्विक वक्ता संबोधित करेंगे**

इससे पहले प्रधानमंत्री कार्यालय ने प्रधानमंत्री के इस संबोधन को लेकर कहा था कि आत्म निर्भर भारत अभियान का अनदेखा और बेहतरीन प्रदर्शन होगा। भारत और एक नया विश्वः पुनरोद्धार हो विषय पर आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन में तीस देशों के पांच हजार लोग हिस्सा लेंगे।

## भारत मे संक्रमितों की संख्या 7,67,296 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में एक दिन में कोरोना वायरस के सर्वाधिक 24,879 मामले सामने आने के साथ ही बृहस्पतिवार को संक्रमितों की कुल संख्या 7,67,296 पर पहुंच गई। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश से करीब 75 फीसदी नए मामले सामने आए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार 487 और लोगों की मौत के साथ मृतकों की संख्या 21,129 हो गयी। देश में 4,76,377 लोग स्वस्थ हुए हैं जबकि फिलहाल संक्रमित 2,69,789 लोगों का उपचार किया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया, ''अभी तक करीब 62.08 प्रतिशत मरीज स्वस्थ हुए हैं।'' `संक्रमितों की कुल संख्या में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। अभी तक इस वैश्विक महामारी से कुल 21,129 लोगों की मौत हुई है। इनमें से सबसे अधिक 9,448 लोगों ने महाराष्ट्र में जान गंवाई।

## दून से बंगलुरू और हैदराबाद के लिए हवाई सेवा शुरू

**संवाददाता** देहरादून। अब देहरादून से बंगलुरू और हैदराबाद के लिए एयर इंडिया की हवाई सेवा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने एयर इंडिया के चौयरमेन से देहरादून से बंगलुरू, हैदराबाद और अहमदाबाद के लिए हवाई सेवा शुरू करने का अनुरोध किया था।

यह जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री के नागरिक उड्डयन सलाहकार कैप्टन दीप श्रीवास्तव ने बताया कि देहरादून बैंगलोर हैदराबाद के बीच हवाई सेवा दिनांक 15 जुलाई से प्रारम्भ हो जाएगी। हैदराबाद से देहरादून, देहरादून से बंगलुरू और बंगलुरू से हैदराबाद के लिए अनुमति दी गई है।

बताया गया कि ये सेवाएं सप्ताह में दो दिन बुधवार और रविवार को संचालित होंगी। हैदराबाद से प्रस्थान का समय पूर्वाह्न 7:00 बजे और देहरादून में आगमन का समय पूर्वाह्न 9:15 बजे है। इसी प्रकार देहरादून से पूर्वाह्न 10:15 बजे प्रस्थान कर फ्लाईट बंगलुरू अपराह्न 12:45 बजे पहुंचेगी। यहां से अपराह्न 2:00 बजे प्रस्थान कर फ्लाईट अपराह्न 3:00 बजे हैदराबाद पहुंचेगी।



■ हवाई सेवा 15 जुलाई से प्रारम्भ हो जाएगी

## गैंगस्टर विकास दुबे उज्जैन महाकाल मंदिर से गिरफ्तार

### ...वह चिल्ला रहा था कि मैं विकास दुबे हूं, कानपुर वाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

उज्जैन। कानपुर में आठ पुलिसवालों की हत्या के मुख्य आरोपी गैंगस्टर विकास दुबे को उज्जैन के महाकाल मंदिर से गिरफ्तार किया गया है। विकास दुबे से पूछताछ में जुटी पुलिस को कुछ और संदिग्धों के बारे में पता चला है, जो उसके साथ मौजूद थे। उज्जैन के कई इलाकों में पुलिस उन लोगों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सरेंडर के दौरान वह चिल्ला रहा था कि मैं विकास दुबे हूं, कानपुर वाला।

सूत्रों के अनुसार दुबे के साथ कुछ और लोग थे, जो उज्जैन में ही ठहरे हुए थे। पुलिस को यूपी की दो कारें भी मिली हैं। इसमें शुभम नामक व्यक्ति का नाम भी सामने आ रहा है। पुलिस ने विकास के साथ मौजूद दो स्थानीय व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है।

इधर प्रारंभिक रूप से यह जानकारी भी मिली है कि दुबे और उसके साथियों ने दर्शन के लिए प्री–बुकिंग भी कराई थी। विकास दुबे ने दर्शन के लिए 250 रुपये की रसीद कटवाई थी। नियमानुसार इस रसीद के लिए आइडी देना अनिवार्य होता है।

पुलिस यह जानकारी निकाल रही है कि दुबे ने रसीद कटवाते वक्त अपनी आइडी दी अथवा नहीं। उधर, गैंगस्टर विकास दुबे की गिरफ्तारी पर गृह मंत्री नरोत्तम मिश्र का कहना है कि वारदात होने के बाद से ही हमने मध्य प्रदेश पुलिस को अलर्ट पर रखा था। जैसे ही संदेह हुआ उसे उज्जैन के महाकाल मंदिर से गिरफ्तार कर लिया गया।

### सियासी उबाल, गिरफ्तारी के पीछे मिलीभगत



विकास की गिरफ्तारी के बाद कई सवाल उठ रहे हैं। एक ओर पुलिस इसे गिरफ्तारी बता रही है वहीं विपक्षी दल इसे फिक्स सरेंडर कह रहे हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी विकास दुबे की गिरफ्तारी पर सवाल उठाए हैं।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## परीक्षायें 24 अगस्त से 25 सितम्बर तक होगी

### 25 अक्टूबर तक परीक्षा फल घोषित कर दिया जायेगा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में गुरूवार को सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग से सम्बन्धित बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशो के तहत विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में परीक्षायें संचालित किये जाने के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय स्तर पर अन्तिम वर्ष एवं अन्तिम सेमेस्टर के छात्र–छात्रों की परीक्षायें 24 अगस्त से 25 सितम्बर तक आयोजित की जायेंगी तथा 25 अक्टूबर तक परीक्षा फल घोषित कर दिया जायेगा जबकि 01 नवम्बर से नया सत्र शुरू कर दिया जायेगा।

इसके अलावा पुराने छात्र छात्राओं की सेमेस्टर परीक्षायें यूजीसी गाइड लाइन के अनुसार अगली कक्षाओं में प्रोमोट करते हुए 05 अगस्त तक परीक्षा फल घोषित कर 16 अगस्त से ऑनलाईन कक्षायें शुरू कर दी जायेंगी।